**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 27.08.2024

# वरुणा डूब क्षेत्र में बैंक्वेट हाल बनाने वाले को खोज रहा वीडीए

## बनारस कोठी संचालक ने कहा, मेरा नहीं है बैंक्वेट हाल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : छावनी स्थित बुद्ध विहार कालोनी में होटल बनारस कोठी व रिवर पैलेस को सील करने के साथ जांच में वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में साढ़े सात हजार वर्ग फीट में बैंक्वेट हाल पाया। होटल बनारस कोठी संचालक जाफर अली खां ने वीडीए की ओर से 16 अगस्त को भेजे गए नोटिस में 22 अगस्त को जवाब दिया है कि बैंक्वेट हाल उनका नहीं है। इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है, इसे किसने बनाया उन्हें कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में वीडीए के कर्मचारी बैंक्वेट हाल बनाने वाले को खोज रहे हैं। 15 दिन के अंदर कोई मालिकाना हक के लिए दावा नहीं करेगा तो वीडीए उसे तोड़ देगा।

बुद्ध विहार कालोनी में अवैध तरीके से बने होटल बनारस कोठी और रिवर पैलेस के खिलाफ ध्वस्तीकरण का आदेश पास कर 27 जुलाई को विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची। दोनों होटलों के करीब 90 कमरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ सील कर दिया है। साथ ही होटल संचालक को खुद होटल तोड़ने को कहा है। लेकिन होटल संचालक के खुद होटल नहीं तोड़ने पर वीडीए ने होटल संचालक जाफर अली खान को रिमाइंडर नोटिस भेजा है। वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में बने बैंक्वेट हाल के नोटिस में जवाब आने पर प्राधिकरण के अधिकारी हैरान है।

होटल बनारस कोठी से सटे टिनशेड मे बना बैंक्वेट हाल • जागरण

वरुणा नदी के डूब क्षेत्र मे वर्ष अगस्त-2021 मे बारिश का पानी भरा था, उसी स्थान पर आज बैंक्वेट हाल बन गया है।

- डूब क्षेत्र में एक साल में तैयार हुआ बैंक्वेट हाल व रेस्टोरेंट
- गूगल से निकाला फोटो, अगस्त 2021 में पानी में डूबा था क्षेत्र

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने जोनल अधिकारी को निर्देश दिया है कि टीम भेजकर पता लगवाएं कि वरुणा नदी के डूब क्षेत्र में किसने बैंक्वेट हाल बनवाया है। आसपास के लोगों से पूछें।

उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर के साथ रिपोर्ट बनाएं। सिकरौल वार्ड के अवर अभियंता अतुल मिश्रा का कहना है कि नोटिस के जवाब में होटल संचालक ने बैंक्वेट हाल अपना नहीं होने की बात कही है। पता किया जा रहा है कि बैंक्वेट हाल किसने बनवाया है ?

### कब बना बैंक्वेट हाल

वीडीए ने नोटिस मे लिखा है कि सैटेलाइट से मिले फोटो मे अगस्त-2021 मे आई बाढ़ मे उक्त स्थल जलमग्न दिखाई दे रहा है। वर्ष 2022 खुला क्षेत्र है। अगस्त-2023 से अगस्त-2024 मे उक्त स्थल को चारो तरफ से कवर करने के साथ टीनशेड डालकर अवैध तरीके से बैंक्वेट व रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा है।